# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक–प.2 ( )जविप्रा/अ.आ/एल.पी.सी./बैठक/2025 दिनांकः–

**कार्यवाही विवरण**

प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 209वीं बैठक दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदया की अध्यक्षता में ''चिंतन सभा कक्ष'' में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरण **परिशिष्ठ 'अ'** पर संलग्न है। बैठक में विचार–विमर्श पश्चात् निम्नांकित निर्णय लिये गयेः–

| क्र.सं. | जोन | प्रस्ताव संख्या | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | – | **209:1** | प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 208वीं बैठक दिनांक 20.03.2025 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं लम्बित अनुपालना रिपोर्ट की समीक्षा बाबत। | भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति की 208वीं बैठक दिनांक 20.03.2025 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई एवं आयुक्त महोदया द्वारा लंबित प्रकरणों में शीघ्र पालना करने के निर्देश दिये गए। |
| 2. | 6 | **209:2** | जविप्रा की योजना मुरलीपुरा स्कीम में पूर्व आवंटित भूखण्ड संख्या ई–412 क्षेत्रफल 161.70 व.मी. के स्थान पर विनिमय में लोहामण्डी योजना में एजेण्डा में प्रस्तावित 03 भूखण्डों में से 01 भूखण्ड का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किये जाने बाबत्। | जविप्रा की योजना मुरलीपुरा स्कीम में पूर्व आवंटित भूखण्ड संख्या ई–412 क्षेत्रफल 161.70 व.मी. के स्थान पर माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में विनिमय में लोहामण्डी योजना में प्रस्तावित 03 भूखण्डों में से 01 भूखण्ड का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किये जाने की सक्षम स्वीकृति उपरान्त कार्योत्तर स्वीकृति हेतु एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण में वांछित कार्योत्तर स्वीकृति दिये जाने का निर्णय लिया गया।<br>साथ ही शेष अन्य भूखण्डों के संबंध में एलपी की बैठक में लिये गये निर्णय की पालना अनुसार मार्गदर्शन हेतु राज्य सरकार को पत्र भिजवाने बाबत् उपायुक्त को निर्देशित किया गया। |
| 3. | 9 | **209:3** | शिव शंकर गृ.नि.स.स. की योजना शिव शंकर नगर के भूखण्ड संख्या 72 के समीप लगती हुई स्ट्रीप ऑफ लैण्ड 8.84 वर्ग गज का आवंटन | शिव शंकर गृ.नि.स.स. की योजना शिव शंकर नगर के भूखण्ड संख्या 72 के समीप लगती हुई स्ट्रीप ऑफ लैण्ड 8.84 वर्ग गज का आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण में विचार–विमर्श कर श्री |

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.04.21 16:00:15 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 14805456

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | बाबत्। | हरिशचन्द्र सरदाना पुत्र श्री जगदीश चन्द्र सरदाना को आवंटित भूखण्ड संख्या 72 के समीप लगती हुई स्ट्रीप ऑफ लैण्ड बढा हुआ क्षेत्रफल 8.84 वर्ग गज का आवंटन आवासीय आरक्षित दर की दुगुनी दर पर किये जाने का निर्णय लिया गया।<br>साथ ही योजना के साथ लगते हुए अन्य भूखण्डों की भी माप कराई जाकर बढे हुए क्षेत्रफल की स्थिति में उनके संबंध में एक साथ एजेण्डा प्रस्तुत करने हेतु उपायुक्त को निर्देशित किया गया। |
| 4. | 9 | **209:4** | व्यावसायिक भूखण्ड संख्या सी–10 क्षेत्रफल 288.00 व.मी. जविप्रा की योजना 160 फीट सैक्टर रोड जीरोता बास जीरोता में सृजित व्यावसायिक भू–पट्टी के बदले विनिमय में भूखण्ड संख्या सी–18, सी–22 एवं सी–23 प्रत्येक क्षेत्रफल 288.00 व.मी. में से एक भूखण्ड का जरिये लॉटरी भूखण्ड आवंटन बाबत। | व्यावसायिक भूखण्ड संख्या सी–10 क्षेत्रफल 288.00 व.मी. जविप्रा की योजना 160 फीट सैक्टर रोड जीरोता बास जीरोता में सृजित व्यावसायिक भू–पट्टी के बदले विनिमय में भूखण्ड संख्या सी–18, सी–22 एवं सी–23 प्रत्येक क्षेत्रफल 288.00 व.मी. में से एक भूखण्ड का जरिये लॉटरी भूखण्ड आवंटन बाबत एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर उपायुक्त को निर्देशित किया गया कि लैण्ड फॉर लैण्ड प्रकरणों में राज्य सरकार के आदेश दिनांक 12.07.2024 के निर्णय अनुसार अवाप्ति मूलतः जोन–10 से होने के कारण दिया जाने वाला भूखण्ड भी जोन–10 तलाश कर एलपीसी के निर्णयार्थ पुनः प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में उपायुक्त जोन–9 प्रकरण की पत्रावली जोन–10 को भेजा जाना सुनिश्चित करें। |
| 5. | 11 | **209:5** | ग्राम मदरामपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नम्बर 270/806 रकबा 0.37 हैक्टेयर किस्म चाही–प्रथम किता 1 कुल रकबा 0.37 हैक्टे. | ग्राम मदरामपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नम्बर 270/806 रकबा 0.37 हैक्टेयर किस्म चाही–प्रथम किता 1 कुल रकबा 0.37 हैक्टे. में से 1000 वर्गमीटर भूमि उच्च जलाशय हेतु भूमि आवंटन करने बाबत् एजेण्डा |

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.04.21 16:00:15 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 14805456

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | में से 1000 वर्गमीटर भूमि उच्च जलाशय हेतु भूमि आवंटन करने बाबत्। | प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को उच्च जलाशय हेतु यथाप्रस्तावित 1000 व.मी. भूमि निःशुल्क आवंटन का निर्णय लिया गया। प्रस्तावित खसरे में से 1000 व.मी. आवंटन की स्थिति में प्रकरण को प्लॉन तैयार कर पी.डब्ल्यू.सी. की बैठक के समक्ष रखे जाने का निर्णय लिया गया। |
| 6. | 11 | **209:6** | ग्राम पीपला भरतसिंह, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 494 रकबा 4.26 हैक्टे. किस्म गै.मु.चरागाह किता 1 कुल रकबा 4.26 हैक्टे. में से 1000 वर्गमीटर भूमि उच्च जलाशय हेतु भूमि आवंटन करने बाबत्। | ग्राम पीपला भरतसिंह, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 494 रकबा 4.26 हैक्टे. किस्म गै.मु.चरागाह किता 1 कुल रकबा 4.26 हैक्टे. में से 1000 वर्गमीटर भूमि उच्च जलाशय हेतु भूमि आवंटन करने बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को उच्च जलाशय हेतु यथाप्रस्तावित 1000 व.मी. भूमि निःशुल्क आवंटन का निर्णय लिया गया। प्रस्तावित खसरे में से 1000 व.मी. आवंटन की स्थिति में प्रकरण को प्लॉन तैयार कर पी.डब्ल्यू.सी. की बैठक के समक्ष रखे जाने का निर्णय लिया गया। |
| 7. | 14 | **209:7** | ग्राम पंचायत मोहनपुरा पृथ्वीसिंह पं. स. माधोराजपुरा (जयपुर) को जविप्रा योजना रोहिणी नगर–द्वितीय में श्मशान हेतु आरक्षित भूमि क्षेत्रफल 11928.00 व.मी. में से 500.00 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आवंटन किये जाने के संबंध में। | ग्राम पंचायत मोहनपुरा पृथ्वीसिंह पं. स. माधोराजपुरा (जयपुर) को जविप्रा योजना रोहिणी नगर–द्वितीय में श्मशान हेतु आरक्षित भूमि क्षेत्रफल 11928.00 व.मी. में से 500.00 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आवंटन किये जाने के संबंध में एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर 500 व.मी. भूमि श्मशान के लिए ग्राम पंचायत मोहनपुरा पृथ्वीसिंह पंचायत समिति माधोराजपुरा, जयपुर को निःशुल्क आवंटन का निर्णय किये जाते हुए उपायुक्त को सम्पूर्ण भूमि की मौका रिपोर्ट करवाकर भूमि की वर्तमान उपयोगिता किस प्रयोजनार्थ की जा रही है कि जानकारी के |

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.04.21 16:00:15 IST
Reason: Approved

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | साथ जविप्रा के हितों की रक्षा करते हुए प्लॉनिंग की जावे तथा प्लान तैयार कर पी.डब्ल्यू.सी. की बैठक के समक्ष रखे जाने का निर्णय लिया गया। |
| अध्यक्ष महोदय की अनुमति से एक अतिरिक्त एजेण्डा जोडा गया। | | | | |
| 8. | 3 | **208:8** | जयपुर मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. को पूर्व में निःशुल्क आवंटित 1919505 व.मी. भूमि में कॉर्पोरेशन द्वारा जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर को विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने हेतु 300 व.मी. दिये जाने के पश्चात् शेष उपलब्ध 19205 व.मी. भूमि राजकीय कार्यालय के उपयोग हेतु कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार को निःशुल्क आवंटन बाबत्।<br>ग्राम चक सुदर्शनपुरा तहसील/जिला जयपुर में खसरा नं. 396, 397, 404, 406, 408, 423, 425, 426 (सभी आंशिक) एवं 424 (पूर्ण) है। | जयपुर मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. को पूर्व में नि:शुल्क आवंटित 1919505 व.मी. भूमि में कॉर्पोरेशन द्वारा जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर को विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने हेतु 300 व.मी. दिये जाने के पश्चात् शेष उपलब्ध 19205 व.मी. भूमि राजकीय कार्यालय के उपयोग हेतु कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार को निःशुल्क आवंटन बाबत्। ग्राम चक सुदर्शनपुरा तहसील/जिला जयपुर में खसरा नं. 396, 397, 404, 406, 408, 423, 425, 426 (सभी आंशिक) एवं 424 (पूर्ण) है बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा विचार–विमर्श कर यथा प्रस्तावित एजेण्डा एवं राज्य सरकार की स्वीकृति दिनांक 16.02.2025 के अनुसार जयपुर मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. को पूर्व में निःशुल्क आवंटित 19505 व.मी. भूमि में से शेष उपलब्ध 19205 व.मी. भूमि राजकीय कार्यालयों के उपयोग हेतु कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार को निःशुल्क आवंटन की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके क्रम में उक्त भूमि कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार को निःशुल्क आवंटित किया जाने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया। |

**बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।**

**सदस्य सचिव एवं**
**अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)**

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.04.21 16:00:15 IST
Reason: Approved

# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. विशिष्ठ सहायक, मा0 मंत्री, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, जयपुर विकास आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
4. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
5. निदेशक (वित्त / अभियांत्रिकी–I, II / नगर–आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
6. अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व / पश्चिम / एल.पी.सी. / भूमि / प्रशासन), जविप्रा, जयपुर।
7. संयुक्त आयुक्त (सिस्टम मैनेजमेंट / संसाधन विकास एवं समन्वय), जविप्रा, जयपुर।
8. विशेषाधिकारी (आर. एण्ड एम.), जविप्रा, जयपुर।
9. अतिरिक्त निदेशक (राजस्व एवं सम्पति निस्तारण), जविप्रा, जयपुर।
10. उपायुक्त जोन–1 से 14, पृथ्वीराज नगर (उत्तर–प्रथम व द्वितीय) (दक्षिण–प्रथम व द्वितीय)।
11. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा को कार्यवाही विवरण स्केन कर जविप्रा वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
12. जन सम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
13. रक्षित पत्रावली।

**सदस्य सचिव एवं**
**अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)**

Signature Not Verified
Digitally signed by Rakesh Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.04.21 16:00:15 IST
Reason: Approved

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरू मार्गए जयपुर.30200
दूरभाषः.क्ष91.0141.2570122द्व रू ईपीबीएक्स .910141.2569696 एक्सटेंशनरू क्ष7019द्व रू फैक्स. 91.141.25745
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gove.in}